प्रादेशिक समाचार
दिनांक–26.04.2024 (दोपहर–1455 बजे)

लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण की अधिसूचना आज जारी होने के साथ ही झारखंड की तीन सीटों चतरा, हजारीबाग और कोडरमा के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है। प्रत्याशी तीन मई तक अपने नामांकन पत्र दाखिल कर सकेंगे, जबकि चार मई को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। इस चरण में बीस मई को सवेरे सात बजे से शाम पांच बजे तक वोट डाले जाएंगे। वहीं 06 मई तक प्रत्याशी अपना नाम वापस ले सकते हैं। उधर गांडेय विधानसभा सीट पर उपचुनाव 20 मई को लोकसभा चुनाव के साथ ही होगा। इस उपचुनाव के लिए भी अधिसूचना जारी कर दी गई है।

****

चतरा संसदीय सीट से एनडीए की ओर से भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह ने आज नामांकन का पर्चा दाखिल किया। उनके नामांकन कार्यक्रम में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी के अलावा संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह और राज्यसभा सदस्य प्रदीप वर्मा भी मौजूद थे।

****

झारखंड में हो रहे लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण के लिए आज नामांकन पत्रों की जांच की जा रही है। इस चरण के लिए कुल पैंसठ उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र भरा है। सबसे अधिक सिंहभूम संसदीय सीट से 21 और सबसे कम पलामू में 11 प्रत्याशियों ने नामांकन के पर्चे दाखिल किये हैं। खूंटी में सोलह और लोहरदगा में 17 उम्मीदवारों ने पर्चे भरे हैं। इस चरण के लिए 29 अप्रैल तक प्रत्याशी अपने नाम वापस ले सकते हैं, जबकि 13 मई को वोट डाले जाएंगे।

****

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए 12 राज्यों और एक केन्द्र शासित प्रदेश की 88 संसदीय क्षेत्रों में आज मतदान हो रहा है। इनमें केरल की बीस, कर्नाटक की चौदह, राजस्थान की तेरह, उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र की आठ–आठ, मध्य प्रदेश की छह, असम और बिहार की पांच–पांच, पश्चिम बंगाल और छत्तीसगढ़ की तीन–तीन और मणिपुर, त्रिपुरा तथा जम्मू कश्मीर में एक–एक सीट के लिए मतदान हो रहा है।

****

पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने प्रवर्तन निदेशालय, ईडी की ओर से अपनी गिरफ्तारी को चुनौती देते हुए सर्वोच्च न्यायालय में याचिका दायर की है। इसकी सुनवाई 29 अप्रैल को होगी। श्री सोरेन की ओर से सर्वोच्च न्यायालय के अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने बुधवार को इस याचिका की तत्काल सुनवाई के लिए सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश संजीव खन्ना से आग्रह किया था। याचिका में कहा गया है कि झारखंड उच्च न्यायालय ने हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी और रिमांड को चुनौती देनेवाली याचिका 28 फरवरी को बहस पूरी होने के बाजवूद अभी तक उनकी याचिका पर फैसला नहीं सुनाया है।

****

झारखंड उच्च न्यायालय ने झारखंड अधिविद्य परिषद, जैक से एडमिट कार्ड नहीं मिलने पर गिरिडीह जिला स्कूल के इंटरमीडिएट की परीक्षा नहीं दे पाये बावन विद्यार्थियों को बड़ी राहत दी है। न्यायालय ने जैक को निर्देश दिया है कि इस वर्ष एडमिट कार्ड नहीं मिलने पर इंटरमीडिएट की परीक्षा नहीं दे पाये बावन विद्यार्थियों को इंटरमीडिएट की कंपार्टमेंटल परीक्षा में शामिल कराया जाये। इनके परीक्षाफल पर कंपार्टमेंटल एग्जाम नहीं लिखा रहेगा।

****

रेलवे ने पश्चिमी सिंहभूम जिले के यात्रियों को गर्मियों के दौरान बड़ी राहत दी है। देश की राजधानी तक आने जाने वाले यात्रियों के लिए दो ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेनों का परिचालन किया जाएगा।

****

राजधानी रांची समेत राज्यभर में गर्म हवाओं से फिलहाल राहत मिलने की उम्मीद नहीं है। मौसम विभाग ने 29 अप्रैल तक राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में हीट वेव चलने की चेतावनी जारी की है। मौसम विभाग ने बताया कि इस दौरान अधिकतम तापमान में चार डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोत्तरी दर्ज की जा सकती है। उन्होंने हीट वेव और भीषण गर्मी को देखते हुए लोगों को सचेत रहने की सलाह दी है।

******समाप्त******